卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 34 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦10 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## प्रचार के लिए मुम्बई पहुंचे धामी, जोरदार स्वागत





देहरादून/मुम्बई(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्टार प्रचारक के रूप में आज चुनाव प्रचार के लिए मुम्बई पहुंचे। मुम्बई एयरपोर्ट पहुंचने पर सीएम धामी का बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखण्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि मातृशक्ति से मिले असीम स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। एयरपोर्ट पर स्वागत के पश्चात सीएम धामी ब्रांद्रा पश्चिम विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एडवोकेट आशीष शेलार के समर्थन में आयोजित सभा में पहुंचे। यहां सभा को सम्बोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि कुमांऊ से मुम्बई के लिए ट्रेन चलाने में आशीष शेलार का भी अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हरियाणा की तरह महाराष्ट्र में भी भाजपा का परचम लहरायेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत में प्रवासी उत्तराखण्डियों की भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि दस साल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास के ऐतिहासिक कायम किये हैं। महाराष्ट्र में हाईवे का बड़ा नेटवर्क स्थापित हुआ है। दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस जैसी बड़ी परियोजना पर काम हुआ है। सत्तर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये गये हैं। आज उज्जवल योजना का लाभ महाराष्ट्र में पचास लाख लोगों को लाभ मिला है। जल जीवन मिशन के तहत गरीबों का जीवन बदला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों को मकान दिये गये। अटल सेतु की सौगात भी प्रधानमंत्री मोदी ने दी है। अनेक योजनाओं ने मुम्बईवासियों के जीवन को आसान किया है। भाजपा जो कहती है वो करती है। चाहे धारा 370 हो, तीन तलाक की कुप्रथा हो या फिर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण हो, सीएए का कानून हो या फिर राम मंदिर का निर्माण हो। ऐसे तमाम ऐतिहासिक कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज जहां जहां गैर भाजपा (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क किनारे अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मंडी चौक पर एक व्यक्ति का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली। बाद में मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले से अवगत करा दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार प्रात: गल्ला मंडी चौक पर टहलते लोगों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। शव मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और वहां लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने उसकी जेब की तलाशी ली तो उसमें आधार कार्ड पाया गया। जिसके आधार पर मृतक की शिनाख्त 46 वर्षीय सुभान अली पुत्र अब्दुल हसन निवासी ग्राम हरमतनगर थाना टांडा,बिलासपुर के रूप में (शेष पृष्ठ सात पर)

## हाथियों का आतंक, कई घरों को पहुंचाया नुकसान



लालकुआं (उद संवाददाता)। तराई के जंगलों में पिछले कई दिनों से हाथियों का आतंक व्याप्त है। जंगली हाथी जंगलों से निकलकर आबादी वाले इलाकों में पहुंच रहे हैं। जहां वह फसलों को भारी नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीणों के घरों को भी निशाना बना रहे हैं। जिस कारण स्थानीय लोग भय के वातावरण में जीने को मजबूर हो रहे हैं और उनका अंधेरा होते ही घर से बाहर निकलना भी दूभर होता जा रहा है। तराई पूर्वी वन प्रभाग के गौला रेंज अंतर्गत हाथियों के झुंड ने रात में हल्दूचौड़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जमकर तांडव बचाया। जहां फसलों को नुकसान के साथ-साथ आधा दर्जन लोगों के घरों की चाहर दिवारी और गेट को भी तोड़ डाला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम काफी मेहनत करने के बाद भी हाथियों को भगा नहीं पाई। हाथियों के आतंक से ग्रामीण इलाकों में लोगों में दहशत हैं। बताया जा रहा है कि जंगली हाथियों का एक बड़ा झुंड बीती रात लगभग 10 बजे बबूर गुम्टी गांव में घुस गया। हाथियों के झुंड ने लगभग आधा दर्जन से अधिक घरों की दीवारें एवं गेट क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान हाथियों के झुंड ने तांडव दिखाते हुए फसलों को भी भारी क्षति पहुंचाई। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर वन विभाग के कर्मचारियों को बुलाया। परंतु वह भी हाथी को नहीं भगा सके। काफी देर तक पटाखे फोड़ने के बावजूद हाथी नहीं भागे। जिसके बाद हाथियों का झुंड स्वत ही सुबह हाईवे पार करके टांडा (शेष पृष्ठ सात पर)

## 18 ग्राम स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार



शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के अन्तर्गत पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 ग्राम स्मैक बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र भट्ट ने चेकिंग के दौरान शक्तिफार्म क्षेत्र से मो. हसनैन पुत्र स्व. हबीबुल्ला निवासी मोहल्ला हाजीपुरा निकट ब्लाक भवन, अमरिया थाना अमरिया, जिला पीलीभीत और जसवीर सिंह उर्फ जस्सू पुत्र सिकन्दर सिंह निवासी पिपलिया शक्तिफार्म को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हसनैन के कब्जे से 8 ग्राम तथा जसवीर सिंह उर्फ जस्सू के कब्जे से 10 ग्राम स्मैक बरामद की। दोनों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र भट्ट ने कहा कि नशे का कारोबार करने वाले व नशा करने वालों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। पकड़ने वाली पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र भट्ट एएसआई सुरेन्द्र सिंह बोरा, कांस्टेबल भारत भूषण, हरीश कबडवाल, भवान सिंह शामिल थे।

## दबंगों ने टैंट हाउस स्वामी को बेरहमी से पीटा

### प्रतापपुर क्षेत्र में अराजकता का माहौल,शराबी मचाते हैं उत्पात, पुलिस बेबस

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में हथियारों से लैस लगभग आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने टेंट हाउस में घुसकर उसके मालिक की पिटाई कर दी। घायल को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रतापपुर निवासी राकेश सिंह पुत्र कृपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई आकाश की प्रतापपुर में बालाजी टेंट हाउस के नाम से दुकान है। बीते 7 नवंबर की रात्रि के लगभग 9:39 बजे उसका भाई अपनी दुकान पर अकेला था तभी कुलदीप पुत्र महेश चंद्र निवासी मालधन, रामनगर अपने साथी ऋतिक निवासी सैनिक कॉलोनी काशीपुर, कौशिंदर निवासी पाण्डेय कॉलोनी, गोल्डी उर्फ गोलू निवासी पांडे कॉलोनी, विकास, अरविन्द, गुड्डू निवासी सैनिक कॉलोनी, प्रतापपुर, काशीपुर, सागर निवासी रामनगर (नैनीताल) अपने अन्य कई दोस्तों के साथ हथियारों से लैस होकर दुकान में घुस आये और उसके भाई के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। राकेश ने बताया कि जब उसके भाई ने गाली देने को मना किया तो उक्त लोगों उसके भाई पर लाठी डंडों, लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसका भाई बेहोश हो गया। राहगीरों ने 108 पर कॉल करउसके भाई को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहाँ उसकी हालत नाजुक देखते हुए बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। हमलावरों ने मुंह खोलने के (शेष पृष्ठ सात पर)

भोग एवं अन्तिम अरदास



बड़े दु:खी हृदय से सूचित किया जाता है कि मेरे पति **स0 चरनजीत सिंह छाबड़ा** अपनी सांसारिक यात्रा दिनांक 05/11/2024 दिन मंगलवार को पूर्ण कर गुरू चरणों में जा विराजें हैं। उनकी आत्मिक शान्ति के लिए **अन्तिम अरदास व कीर्तन दिनांक 11 नवम्बर 2024 दिन सोमवार** प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक **गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोल मार्केट, रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

सरदारनी कृष्णा कौर (पत्नी)
स० नवनीत सिंह-जसवंत कौर (पुत्र-पुत्रवधु)
स० सतवीत सिंह-गुरविन्दर कौर (पुत्र-पुत्रवधु)
अमरप्रीत-राजेश कुमार (पुत्री-दामाद)
मनदीप सिंह-मनप्रीत कौर (पौत्र-पौत्रवधु)
जयदीप सिंह, हरमनदीप सिंह (पौत्र)
गर्व सिंह, कशिश सिंह (नाती)
समस्त छाबड़ा एवं अजमानी परिवार

फर्म : जीत हार्डवेयर स्टोर
निकट होटल मिड टाउन, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर मो0-9897073623, 8879016333

## नशे के इंजेक्शनों के साथ एक दबोचा



रामनगर(उद संवाददाता)। पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।कोतवाल अरूण कुमार सैनी ने बताया कि जावेद खान निवासी मोहल्ला बंबाघेर लम्बे समय से स्मैक का अवैध कारोबार कर रहा था।काफी समय से उसकी शिकायत मिल रही थी। शनिवार को आरोपी जावेद से रामनगर में हल्द्वानी बस अड्डे में उसके खोखे के पास से 20 नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये।पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह स्मैक की एक बिट को 500 रुपये में तथा और नशीले इंजक्शनों को 800 रुपये जोड़ी के हिसाब से बेचता है।नशीले इंजेक्शन मंगल दास से बिकवाता था। आरोपी मंगलदास को उसने हल्द्वानी बस अड्डे में किराये पर अपना खोखा दिया था। स्मैक को आरोपी और उसकी पत्नी निशा घर से बेचती है। जब से मंगल दास इंजेक्शन के मामले में जेल गया तब से वह जेल जाने की डर से स्मैक व नशीले इंजक्शनों को इधर उधर रखकर बेचता है। नशे से रोज लगभग पांच हजार की बिक्री होती है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का कोई भी कारोबार (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन में महिला के बैग से नगदी और जेवर चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस ट्रेन से लखनऊ से खटीमा आ रही महिला यात्री के बैग से लाखो कीमत के जेवरात व नगदी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। महिला ने काठगोदाम जीआरपी थाना में मामला दर्ज करा दिया है। जानकारी के अनुसार खटीमा निवासी पार्वती ने काठगोदाम जीआरपी को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह चार नवंबर को त्रिवेणी एक्सप्रेस ट्रेन में लखनऊ से खटीमा रेलवे स्टेशन के लिए बैठी थीं। उसका कहना था कि ट्रेन में उसकी सीट के पास दो युवक और तीन महिलाएं भी बैठीं थी। महिला का आरोप है कि जब ट्रेन शाम करीब चार बजे खटीमा रेलवे स्टेशन पहुंची तो पास में बैठे युवक और महिलाओं ने बैग उतारने की मदद की बात कही। आरोप (शेष पृष्ठ सात पर)

# 24 साल में हुआ चहुंमुखी विकास : धामी

## मुख्यमंत्री ने गैरसैण में 47 राज्य आंदोलनकारियों को पुष्प माला व शाल भेंट कर किया सम्मानित

भराडीसैंण(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर भराडीसैंण, गैरसैंण ( चमोली ) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के 24 वर्ष पूर्ण होने और रजत जयन्ती वर्ष के शुभारम्भ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। विधानसभा परिसर लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 47 राज्य आंदोलनकारियों को पुष्प माला व शाल भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों एवं राज्य निर्माण के सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए सम्मानित किया। उन्होंने उत्तराखण्ड की मजबूत के सहयोग से हर क्षेत्र में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए जन सहभागिता से राज्य सरकार हर क्षेत्र में अल्पकालिक, लघुकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य कर रही है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड को देश में प्रथम स्थान मिला है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य को अचीवर्स और स्टॉटप तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप राज्य, तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान हैं। इसी प्रकार मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में 16 पौराणिक मंदिर क्षेत्रो को विकसित किया जा रहा हैं। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। जल्द ही पहाड़ में रेल का सपना सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही सहकारी समितियों में भी राज्य की महिलाओं के 33 प्रतिशत पद आरक्षित रखे जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, लखपति दीदी योजना और मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना सहित अनेक योजनाएं महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बना रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कराया गया है। इस अवसर पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने क्षेत्र के विकास कार्यो को तेजी आगे बढाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य आज स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने प्रदेश वासियों को राज्य स्थापना दिवस की






भराडीसैंण में राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस एवं एनसीसी जवानों द्वारा विधानसभा परिसर में सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा बहुउद्देशीय शिविर लगाकर विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाए गए। जिसमें विकास मुखी एवं कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेई को भी राज्य की जनता की ओर से नमन किया। रजत जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिमली में महिला बेस अस्पताल को पूर्ण बेस अस्पताल बनाने और रा.इ.का आगरचट्टी में विज्ञान वर्ग शुरू करने की घोषणा भी की।अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इन 24 सालों में जनता में लीडर्स की श्रेणी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि जीएसडीपी में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उत्तराखण्ड युवाओं को रोजगार देने में भी अग्रीणी राज्य बना है। एक वर्ष में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी लाई गई है। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए बड़ा अवसर है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 21 वीं सदी का साकार होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू कर प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया गया है। पिछले 03 वर्षों में सरकारी सेवाओं में लगभग 18 हजार 500 भर्तियां की जा चुकी हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान करते हुए प्रदेश देवभूमि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप को बनाये रखने के लिये राज्य में जबरन धर्मांतरण के विरूद्ध कठोर कानून बनाया गया है। प्रदेश में अब दंगा करने वाले दंगाईयों से ही सारे नुकसान की भरपाई का कानून लागू किया गया है। राज्य की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिये निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में लगभग 5 हजार एकड़ सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, राज्य मंत्री रमेश गड़िया , ब्लाक प्रमुख शशि सौर्याल, गढवाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, पुलिस महानिरीक्षक के.एस नगन्याल, जिलाधिकारी संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, सीडीओ नंदन कुमार, एडीम विवेक प्रकाश, एसडीएम संतोष कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय जनता, स्कूली बच्चे आदि मौजूद रहे।

# प्रभात फेरी का ग्राम बलखेड़ा में किया जोरदार स्वागत

## गुरुद्वारा बाबा मनोहर सिंह सितारगंज से आए ग्रंथी सिंघों द्वारा किया सहज पाठ का भोग

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरी एवं गुरमत समागम में शब्द कीर्तन एवं कथा व्याख्यान ,सर्वत्र सुख शांति की अरदास के उपरांत प्रसाद का कुलदीप सिंह द्वारा, भया आनंद जगत विच कलि तारण गुरु नानक आया और गुरु प्रसाद सहज घर पाया मिटया अंधेरा चंद चढ़या,आदि गायन किया। धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर के काशीपुर क्षेत्र सिंघ सभा किला खेड़ा अध्यक्ष परमजीत सिंह गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ग्रोवर,ज्ञान सिंह ,कुलविंदर सिंह को गुरु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गुरुद्वारा साहिब बलखेड़ा के मुख्य सेवादार भाई भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी, इंदर सिंह, पाल सिंह, विचित्र सिंह ,नरेंद्र सिंह ,कुलदीप सिंह ,राजेंद्र सिंह , तरविंदर सिंह, बलकार सिंह,हरविंदर सिंह,




वितरण किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा ग्राम बलखेड़ा में आयोजित गुरमत समागम में गुरुद्वारा बाबा मनोहर सिंह सितारगंज से आए रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज का भोग एवं गुरबाणी कीर्तन किया । रागी भाई प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने गुरु नानक के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के प्रचारक देवेंद्र सिंघ द्वारा जपु जी साहिब की कथा करते हुए जीवन में घमंड छोड़कर नम्रता पूर्वक जीवन व्यतीत करने का आहवान किया । गुरुद्वारा अवतार सिंह द्वारा सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के समापन पर सर्वत्र सुख शांति की अरदास के बाद भाई अवतार सिंह,जसवीर कौर,सिमरन सिंह, जयदीप सिंह एवं इशा प्रीत कौर के परिवार द्वारा सभी संगत का धन्यवाद किया गया । इस अवसर पर परविंदर सिंह,देवेंद्र सिंह, नवजोत सिंह, अमृत सिंह, रणवीर सिंह ,अमरीक सिंह, मस्तान सिंह,जागीर सिंह कंबोज,सुरेंद्र सिंह,डॉ, मनोहर सिंह,बलबीर सिंह,नरेश सिंह,जसवंत सिंह,दिल जोगेंद्र सिंह, अमृतपाल सिंह,अजीत सिंह नीटू, हरजीत सिंह सहित तमाम संगत मौजूद रही।



# वरिष्ठ पत्रकार अरविंद निझावन के निधन पर शोक व्यक्त किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद निझावन के निधन पर रूद्रपुर प्रेस क्लब ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। प्रेस क्लब अध्यक्ष केवल कृष्ण बतरा ने शोक सभा में कहा कि अरविंद निझावन ने दशकों तक पत्रकारिता में अलग पहचान बनाई थी, वह वरिष्ठ पत्रकार के साथ साथ एक सुलझे हुए इनसान भी थे, उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुयी है। उनके निधन पर प्रेस क्लब महामंत्री परमपाल सुखीजा, कोषाध्यक्ष विजय आहूजा, मुकेश गुप्ता, राजकुमार फुटेला, चेतन बतरा, जगदीश चन्द्र, प्रमोदी धींगड़ा, सुरेन्द्र गिरधर, देवेन्द्र शर्मा, ललित शर्मा, अजय चड्ढा, शुभोदिती मण्डल आदि ने भी शोक संवेदना प्रकट की है।

# फरार आठ अभियुक्तों के खिलाफ कुर्की की तैयारी

## पुलिस के सख्त एक्शन के बाद एक अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण ,तीन ने लगाई अर्जी

रुद्रपुर। जाफरपुर में फायरिंग की घटना शामिल आठ नामजद अभियुक्त पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो रहे हैं। पुलिस अभियुक्तों के घरों पर कुर्की की उद्घोषणा का नोटिस चस्पा करने के बाद कुर्की की कार्रवाई के लिए अदालत में आवेदन देने की तैयारी कर रही है। इनमें से तीन अभियुक्त अदालत में आत्मसमर्पण करने की जुगत में लगे हुए हैं। दरअसल 12 अक्तूबर की रात जाफरपुर में रंजिशन दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई थी। इसमें दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हुए थे। इस मामले में दोनों पक्षों के 21 लोगों पर केस दर्ज हुआ था। पुलिस इस मामले में चार अभियुक्तों को जेल भेज चुकी है। एसएसपी ने तीन अभियुक्तों पर पांच-पांच रुपये का इनाम रखा था। पुलिस ने फरार अभियुक्त मनमोहन सिंह, जसवीर सिंह, रखवीर सिंह, हरमन चड्ढा, गुरप्रीत सिंह, हरेंद्र सिंह विर्क, कावल सिंह, बलजीत सिंह उर्फ बल्ली के घरों पर कुर्की की उद्घोषणा का नोटिस चस्पा कर चुकी है। इसके बावजूद अभियुक्त भूमिगत हैं और पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। हालांकि पुलिस इस मामले में समझौता कराने वाले चार लोग को चिह्नित कर उनपर कार्रवाई करने में जुटी है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि फरार अभियुक्तों के घरों पर नोटिस चस्पा किए गए थे। अभियुक्तों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए सोमवार को अदालत में आवेदन किया जाएगा। जिले में दो महीने में छह मुठभेड़ में छह बदमाशों के गोली लगने से घायल



होने के बाद आपराधिक मामलों में फरार चल रहे बदमाशों को अब यूएसनगर पुलिस का खौफ सताने लगा है। जाफरपुर में फायरिंग कर इलाके को दहलाने वाले अभियुक्तों में से तीन अभियुक्तों ने अदालत में आत्मसमर्पण करने की अर्जी दी है। इधर नानकमत्ता में वनकर्मियों पर हुई फायरिंग मामले में एक अभियुक्त ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं, पीपलपड़ाव रेंज में वनकर्मियों पर फायरिंग मामले में फरार अभियुक्त पंजाब भागे हुए हैं। दरअसल, 24 सितंबर से आठ नवंबर तक जसपुर, काशीपुर, गदरपुर, किच्छा, नानकमत्ता और रुद्रपुर में छह पुलिस मुठभेड़ हो चुकी हैं। इनमें नानकमत्ता को छोड़कर बाकी पांच मुठभेड़ में गोली लगने से छह बदमाश घायल हो चुके हैं। घायलों में चार बदमाश यूपी के रहने वाले हैं और यहां आकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे। मुठभेड़ों में बदमाशों को गोली लगने की घटनाओं के बाद दूसरे आपराधिक मामलों में फरार बदमाशों को अपनी चिंता सताने लगी है। इसके चलते वे पुलिस के हत्थे चढ़ने के बजाय आत्मसमर्पण के लिए अदालत में अर्जी दे रहे हैं। बीते माह नानकमत्ता में वनकर्मियों पर फायरिंग के मामले में फरार मलकीत सिंह अदालत में आत्मसमर्पण कर चुका है। 12 अक्तूबर को जाफरपुर में रंजिशन 50 राउंड फायरिंग करने के मामले में फरार मनमोहन सिंह, गुरप्रीत सिंह और रखवीर सिंह ने आत्मसमर्पण करने की अर्जी दी है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के अनुसार अपराधियों को पुलिस का भय होना जरूरी है। आपराधिक मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं। जाफरपुर फायरिंग मामले में अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश है और कुर्की के नोटिस भी अभियुक्तों के घरों पर चस्पा किए गए हैं।

# राजकीय ठेकेदारों का एक दिवसीय अधिवेशन संपन्न

## 25 नवंबर तक मांगे नहीं मानी तो सभी विकास कार्य होंगे ठप्प

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड स्थित एक होटल के सभागार में प्रदेश के राजकीय ठेकेदारों का एक दिवसीय विशाल एवं भव्य अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमें लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे ठेकेदारों का दर्द छलक उठा और उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मार्मिक गुहार लगाई कि वें उनकी समस्याओं का निदान कराए। ऐसा न होने की स्थिति में प्रदेश के नक्शे में विकास के रंग भरने वाले राज्य के ठेकेदार जो पहले से ही भयंकर आर्थिक तंगी में है, और बुरे दौर मे पहुंच जाएगें क्योंकि लंबे समय से सरकार उनसे विकास कार्य तो करा रही है मगर उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह उत्पन्न हो गई है कि ठेकेदार बैंकों से लिए कर्ज की किस्ते तक नहीं दे पा रहे। किराए पर लेकर जो जेसीबी प्रयोग में लाई जाती है उसका किराया तक नहीं दिया जा रहा। और तो और बच्चों की फीस और घर - गृहस्थी के दूसरे खर्चों के लिए भी संकट खड़ा हो गया है। आज के अधिवेशन में निर्णय लिया गया की 25 तारीख तक अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो प्रदेश में चल रहे सभी विकास कार्यों को रुकवा दिया जाएगा और ठेकेदारों की हड़ताल फिर शुरू हो जाएगी। काशीपुर कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति उत्तराखंड का यह सम्मेलन प्रातः 10 बजे शुरू हुआ और दो पारियों में संपन्न हुआ जिसमें मांग पत्र के सभी 11 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई और भावी रणनीति पर विचार हुआ। अधिवेशन के विशिष्ट अतिथि लैंसडाउन से भाजपा विधायक दिलीप सिंह रावत रहे जिन्होंने कहा कि राज्य के ठेकेदारों की मांगे न्याय संगत है जो शीघ्र ही पूरी होनी चाहिए और इस संबंध में वह खुद भी अपनी सरकार से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं ठेकेदारों की तरफ से एक डाकिए का काम करूंगा और आपकी समस्याओं का मांग पत्र सरकार तक अवश्य पहुंचाएगा। मुझे उम्मीद है कि मुख्यमंत्री आपकी समस्याओं का अवश्य समाधान करेंगे। ठेकेदारों का



आंदोलन काफी समय से चल रहा है जिससे विकास कार्य भी प्रभावित हैं और ठेकेदार भी बहुत परेशान है लिहाजा प्रदेश के हित में ठेकेदारों की मांगे स्वीकार कर आंदोलन समाप्त कराया जाना चाहिए। भाजपा विधायक श्री रावत का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह पुंडीर महासचिव राजेंद्र सिंह कुंवर संरक्षक रतन मनी भट्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मेहरा हीरा बल्लभ भट्ट, महासचिव मुकेश गोयल, गौरव चौधरी, उपाध्यक्ष साजिद नदीम, प्रदेश संगठन मंत्री देवेंद्र पाल सिंह, , प्रदेश सचिव देवेंद्र पाल सिंह नेगी कोषाध्यक्ष आशीष रावत घनसाली के अध्यक्ष प्यारे सिंह बिष्ट, देहरादून प्रांतीय खंड के अध्यक्ष सुनील चंदेला, विधिक सलाहकार पूरन सिंह मेहरा, हल्द्वानी के अध्यक्ष योगेश तिवारी, कार्यक्रम के संचालक एवं रामनगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह आनंद, कुमाऊं संयोजक जगदीश प्रसाद भट्ट आदि ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। अधिवेशन शुरू होने से पूर्व अल्मोड़ा के पास हुए भयंकर बस हादसे में दिवंगत हुए लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। अधिवेशन के उपरांत पत्रकारों से वार्ता करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह पुंडीर एवं महामंत्री राजेंद्र सिंह कुंवर ने कहा कि संगठन द्वारा लंबे समय से राज्य के ठेकेदारों की मांगों के लिए संघर्ष किया जा रहा है मगर दुर्भाग्य से आज तक समाधान नहीं हुआ। गैरसैण में हुए विधानसभा अधिवेशन में जाते हुए सभी विधायकों का माल्यार्पण कर अपना मांग पत्र सौंप कर अनुरोध किया गया था कि वे सदन में उनकी मांगों को उठाएं मगर कुछ नहीं हुआ। हां मुख्यमंत्री ने एक बार कहा कि देहरादून आकर वार्ता करें मगर अभी तक उस वार्ता के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से समय ही नहीं मिल पाया। मुख्यमंत्री ने अपने सचिव तथा गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडे को निर्देशित किया था कि वह ठेकेदारों की समस्याओं का समाधान करें। अधिवेशन के शानदार व सफल आयोजन के लिए काशीपुर संगठन के अध्यक्ष कमलेंद्र चौधरी महासचिव मुकेश गोयल व उपाध्यक्ष साजिद नदीम सहित पूरी कार्यकारिणी का आभार जताया गया। वही काशीपुर कार्यकारिणी ने भी अधिवेशन में आए प्रदेश के सभी 64 खंडों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों , एवं सचिवों का आभार जताया। अधिवेशन में प्रदीप सिंह संतम सिंह नेगी प्रमोद मेहता बागेश्वर देवेंद्र चंद्र खटीमा ललित कंडवाल प्यारे सिंह बिष्ट योगेश तिवारी आदि थे।

## धूमधाम से मना स्थापना दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में उत्तराखण्ड स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने 'प्यारी जन्मभूमि मेरो पहाड़' कुमाऊँनी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कक्षा 11 की माही जोशी व कक्षा 12 के मानस पचई ने उत्तराखण्ड के लोक पर्वो की जानकारी देकर विद्यार्थियों को उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराया तथा कक्षा 10 की छात्रा




युक्ति जोशी ने अपने भाषण में उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, राजनैतिक व नैसर्गिक सुन्दरता व उसके महत्व बताए कक्षा 11 के हर्षवर्धन बिष्ट ने कुमाऊँनी बोली में कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 की छात्रा कोमल आर्यन ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने उत्तराखण्ड की संस्कृति की महत्ता को बताते हुए उसे बनाए रखने के लिए कहा। इस उपलक्ष्य पर उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा, कॉर्डिनेटर प्रियंका शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ओवरलोड व ओवरहाइट भारी वाहनों पर नहीं हो रही कार्यवाही

काशीपुर(उद संवाददाता)। मार्चुला में पिछले दिनों हृदय विदारक तरीके से घटित हादसे में लगभग चार दर्जन लोगों की मौत होने के बाद सरकार के निर्देश पर डीजीपी एक्शन में है। महत्वपूर्ण बैठक के दौरान उन्होंने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए लेकिन यहां काशीपुर में डीजीपी का निर्देश



वाहन चालकों पर खास असर नहीं दिखा पा रहा है। अलीगंज रोड पर तारावती स्कूल के ठीक सामने सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक रविन्द्र राइस मिल के सामने सड़क के दोनों ओर धान से ओवरलोड एवं ओवर हाइट ट्रैक्टर ट्रालियां ट्रक एवं डंपर कतारबद्ध तरीके से खड़े देखे जा सकते हैं। अलीगंज रोड पर भारी वाहनों के इस तरह सड़कों पर आड़ा तिरछा खड़े होने की वजह से जहां एक और दुर्घटनाओं की संभावना प्रबल है वहीं दूसरी ओर समीप स्थित डीएवी एवं तारावती स्कूल के बच्चों को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## भारत को जानो प्रति. में बियरशिबा और निर्मला कॉन्वेंट बने विजेता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा कठगोदाम का भारत को जानो का प्रश्नमंच का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 36 वरिष्ट एव कनिष्ट टीमो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट एबी बाजपेयी ने कहा वैश्विक, सामाजिक एव राजनैतिक परिपेक्ष्य में भारत को जानो प्रतियोगिता का महत्व है। क्योंकि ओपन अर्थव्यवस्था के कारण विदेशी बातो का प्रभाव अत्यधिक हो रहा है। ऐसे समय में भारत को जानो अपने देश की विभिन्नता को जागरूक रख के बड़ा कार्य कर रहा




है।कार्यक्रम का प्रारंभ प्रांत से आये पर्यवेक्षक डॉ अतुल राजपाल, प्रा. स. मंत्री डॉ विनय खुल्लर, अध्यक्ष दीपक माहेशवरी , सचिव नीलम शर्मा, गरिमा सिंघल ने किया। क्विज मास्टर अंजू भट्ट एव अपर्णा नेगी थी। प्रतियोगिता में कनिष्क वर्ग में प्रथम स्थान बियरशिबा स्कूल एव द्वतीय स्थान लिटिल फ्लावर एसिडमी ने प्राप्त की। वरिष्ट वर्ग में प्रथम निर्मला कॉन्वेंट सी से स्कूल एव द्वितीय स्थान सरस्वती एकेडमी ने प्राप्त की। कार्यक्रम में रश्मि जैन, दीपक बिष्ट, राजेश अग्रवाल, रेनू विष्ट, अरुणा सक्सेना, सुशील मित्तल आदि उपस्थित थे।

## 32 यात्रियों का दूसरा दल बद्रीनाथ के लिए हुआ रवाना

नैनीताल(उद संवाददाता)। शनिवार को डीटीडीओ अतुल भंडारी ने पर्यटक आवास गृह सूखाताल से हरी झण्डी दिखा कर दल रवाना किया। दीन दयाल उपाध्याय मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए दूसरा दल रवाना हुआ। जिसमें 32 यात्री है। चार दिवसीय यात्रा नैनीताल से प्रारम्भ होकर कालेश्वर बद्रीनाथ वापस कर्णप्रयाग- नैनीताल



लौटेगी।इस अवसर पर पर्यटन विभाग से श्री चन्दन सिंह बिष्ट, मुख्य प्रशानिक अधिकारी, नैनीताल, श्री भी० गफ्फार एवं प्रभारी पर्यटक आवास गृह सुखाताल के श्री प्रकाश मेहरा एवं निगम के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्किट रुद्रपुर में कस्टमर हैंडलिंग/सेल्स के लिए युवक एवं युवतियो की आवश्यकता है।
-संपर्क करें-
9359927216

## शहीद आंदोलनकारियों को नमन कर मनाया राज्य स्थापना दिवस

गूलरभोज(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर समाजसेवी हरेंद्र तोमर के प्रतिष्ठान पर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया ।राज्य निर्माण में अपना योगदान देने वाले सभी अमर शहीदों और आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी ने देवभूमि को



विकसित और आदर्श राज्य बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमित कुमार गुप्ता, हरेंद्र तोमर, लक्ष्मण गिरि, सचिन दहूजा, रोशन आहूजा, संजीव कुमार गुप्ता, छोटे लाल यादव, राजेश कुमार, राधे भाई, राजू पासवान आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्थापना दिवस पर महाविद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित

रानीखेत (उद संवाददाता)। उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ही मरचुला अल्मोड़ा में बस दुर्घटना में दिवंगत जनों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति, समाज, खानपान, वेशभूषा एवं उत्तराखंड प्रदेश के समक्ष पलायन एवं बेरोजगारी संबंधित समस्याओं एवं उनके समाधान पर कविता, गीत एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए गए।



महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने उत्तराखंड की संस्कृति एवं समाज की प्रगति हेतु शिक्षा एवं सांस्कृतिक नैतिकता के विकास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राध्यापक वर्ग में डॉक्टर निर्मला जोशी विभाग प्रभारी हिंदी विभाग ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अपनी कविता के माध्यम से उत्तराखंड के सभी जिलों की विशेषताओं उनके संस्कृति एवं सभ्यता को सुंदर पंक्तियां में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से डॉ. बरखा रौतेला, इतिहास विभाग से डॉ. दीपा पांडे, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. पारुल भारद्वाज, अंग्रेजी विभाग से डॉ. निधि पांडेय, रसायन विज्ञान से डॉ. प्रसून जोशी, इतिहास विभाग से डॉ. महिराज मेहरा, समाजशास्त्र विभाग से डॉ. सत्यामित्र, वनस्पति विभाग से प्रो. प्राची जोशी, जंतु विज्ञान से डॉ. अपूर्वा जोशी, भौतिक विज्ञान से डॉ किरण पंत एवं अन्य ने विचार प्रकट कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन स्नातक प्रथम सत्र के छात्र पारस अधिकारी ने किया। मानसी एवं नम्रता ने अपने भाषण एवं कविता से उत्तराखंड की सभ्यता एवं संस्कृति की छवि को उजागर किया। कार्यक्रम काआयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा भट्ट तथा डॉ. बबीता कांडपाल के संरक्षण में किया गया।

# राज्य का भविष्य प्रतिभाशाली युवा शक्ति पर निर्भर : धामी

## सीएम धामी ने किया राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ, 87 करोड़ की 6 विकास योजनाओं का लोकार्पण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024 - 25 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने 87 करोड़ की कुल 6 योजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण की गई योजनाओं में स्पोर्टस स्तरीय पिटठू प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। आगामी राष्ट्रीय खेलों हेतु नेशनल गेम्स उत्तराखंड वॉलंटियर पोर्टल का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस विशेष अवसर पर हम राज्य युवा महोत्सव का सीखने के साथ ही अपने को विकसित करने में सक्षम होंगे। महोत्सव में स्पोर्ट्स साइंस जैसे नवाचार पर विशेष फोकस किया गया है, जो हमारे खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय खेलों में पदक तालिका में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा हमारे राज्य को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का प्रतिभाशाली, सक्षम एवं अत्यंत मेहनती भी है। प्रदेश के युवाओं ने हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। देश और राज्य का भविष्य युवा शक्ति पर ही निर्भर है। युवा ही भारत का जन, मन, सामर्थ्य, चिंतन और चेतना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य एक युवा राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। बीते 3 वर्षों करने पर नकद पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। विशिष्ठ खिलाड़ियों को देवभूमि उत्तराखण्ड खेल रत्न से भी सम्मानित किया जा रहा है। राज्य सरकार कोच और प्रशिक्षकों को भी सम्मानित करने के लिए देवभूमि उत्तराखण्ड द्रोणाचार्य अवार्ड भी प्रदान कर रही है। राज्य में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और अतिरिक्त रूप से दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा आगामी जनवरी में होने जा रहे राष्ट्रीय खेलों हेतु राज्य सरकार तैयार है। अन्य कार्यक्रमों की भांति ही राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी से उत्तराखण्ड का मान सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हमेशा युवा एवं







कालेज रायपुर में 200 बेड का हॉस्टल, बहुउद्देशीय हॉल, बॉक्सिंग हॉल का उच्चीकरण, हरिद्वार में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण, हरिद्वार स्टेडियम में दर्शक दीर्घा, पार्किंग का निर्माण एंव परेड ग्राउण्ड खेल परिसर के अन्तर्गत रोलर स्केटिंग रिंग का निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खेल से संबंधित उपकरणों पर आधारित स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य शुभारंभ कर रहे हैं। उन्होंने कहा ये महोत्सव राज्य के युवाओं को अपनी रचनात्मकता, कला और खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करेगा एंव संस्कृति, परंपराओं और लोककला को बढ़ावा देने का काम भी करेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष युवा महोत्सव का आयोजन इनोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी थीम के तहत किया जा रहा है। हमारे युवा नवीनतम तकनीकों को अवसर प्राप्त हुआ है। जो सभी के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा महोत्सव में हमारी समृद्ध लोक संस्कृति एवं विभिन्न विषयों पर कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। जिसमें प्रतिभाग करने हेतु ब्लॉक स्तर से भी युवा प्रतिभाओं को अवसर प्राप्त हुए हैं, जिससे हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा देवभूमि की युवा शक्ति में रिकॉर्ड 18,500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्राप्त हुई हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए विशिष्ट खेल नीति बनाई है। राज्य के खिलाड़ियों को पदक अर्जित मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजनाप्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के खिलाड़ियों द्वारा उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने पर आउट ऑफ टर्न नियुक्ति भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा आगामी राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड के जो खिलाड़ी मेडल जीतेंगे, उनको पुरस्कार हेतु नियत धनराशि के बराबर धनराशि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के विकास को मुख्य केंद्र में रखा है। उन्होंने कहा युवा कल्याण जल्द ही युवा नीति बनाने पर कार्य करेगा। मुख्यमंत्री जी ने राज्य की संभावनाओं को हकीकत में बदला है। इस अवसर पर विधायक श्री खजान दास, ओलंपिक एसोसिएशन उत्तराखण्ड के अध्यक्ष श्री महेश नेगी, विशेष प्रमुख सचिव खेल श्री अमित सिन्हा, निदेशक खेल श्री प्रशांत आर्य एंव अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारत को जानो प्रश्नमंच में बच्चों ने दिखवाई प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर की ओर से भारत को जानो के द्वितीय चरण प्रश्न मंच का आयोजन स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में आर ए एन पब्लिक स्कूल भूरारानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत विकास परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव नरेन्द्र अरोरा, प्रान्तीय पर्यवेक्षक डॉ विश्वनाथ, प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय राधू एवं शाखा की महिला संयोजिका ज्योति सुखीजा द्वारा माँ भारती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। तत्पश्चात वंदे मातरम का गायन सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम संयोजक आदित्य गौतम द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली इस सामान्यज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है, प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सभी नगरों की शाखाओं द्वारा अपने नगर के विद्यालयों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ दो वर्गों में लिखित परीक्षा का आयोजन





करवाया जाता है तथा उसमें प्रत्येक विद्यालय से प्रथम दो स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की टीमें आज इस शाखा स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता में एमेनिटी पब्लिक स्कूल, ब्लूमिंग डेल्स मॉडर्न स्कूल, आर ए एन पब्लिक स्कूल भूरारानी, जेसीज पब्लिक स्कूल, कृष्णा इंटर कॉलेज, विजडम पब्लिक स्कूल, भंजूराम अमर इंटर कॉलेज, लालपुर पब्लिक स्कूल, फिफ्थ सेंटेनरी स्कूल, अमर इंटरनेशनल स्कूल, जन्मभूमि इंटर कॉलेज, आशुतोष विद्या मंदिर, स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर, किड्स कैरियर पब्लिक स्कूल, रेडिएंट पब्लिक स्कूल की टीमों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में धर्म, संस्कृति एवं इतिहास, राजनीति, भूगोल व अर्थव्यवस्था तथा खेल, साहित्य एवं विज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए आर ए एन स्कूल भूरारानी की टीम ने प्रथम स्थान, एमिनिटी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय एवं किड्स कैरियर तथा भंजुराम अमर पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में भी आर ए एन पब्लिक स्कूल भुरारानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान बलूमिंग डेल्स् मॉडर्न स्कूल तथा तृतीय स्थान पर जेसीज पब्लिक स्कूल की टीम रही। भारत विकास परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भारत को जानो प्रतियोगिता के महत्व को बताया और छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, प्रान्तीय पर्यवेक्षक डॉ विश्वनाथ जी ने भी विद्यार्थियों के जीवन में इस प्रकार कि प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि शाखा स्तर के प्रश्नमंच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम 17 नवम्बर को रुद्रपुर में आयोजित प्रान्तीय स्तर की प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेगी, जिसमें उनका मुकाबला 15 अन्य नगरों कि विजेता टीमों से होगा, उन्होंने सभी विद्यालयों का तथा उपस्थित अतिथिगणों का उनके सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। विजेताओं को स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, सभी विद्यालयों को भी उनके सहयोग हेतु स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया, सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रतिभागिता प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव अक्षय गहलौत ने किया, प्रतियोगिता का संचालन संस्कार संयोजक आदित्य गौतम व भारत को जानो संयोजक सौरभ अग्रवाल ने कम्प्यूटर के माध्यम से बड़ी स्क्रीन पर सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम में शाखा कोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल, विमल अरोरा, लक्ष्य अग्रवाल, अक्षय महेश्वरी, ज्योति सुखीजा,स्नेह संजय राधू,अंजू ग्रोवर, कामिनी अग्रवाल, पलक जिंदल, प्रीति गहलौत आदि उपस्थित रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कनाडा की खुन्नस

कनाडा ने एक बार फिर भारत को उकसाने वाली हरकत की है। यह समझना मुश्किल है कि कनाडा को भारत से आखिर खुन्नस किस बात की है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी आस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग ने एक आस्ट्रेलियाई टीवी चैनल पर संयुक्त प्रेस वार्ता की थी। कनाडा ने उस चौनल पर ही पाबंदी लगा दी। कनाडा के लोग उस वार्ता को देख नहीं पाए। इसलिए कि जयशंकर ने कनाडा के साथ तल्ख रिश्तों को लेकर पूछे गए सवालों का कड़ा जवाब दिया था। विचित्र है कि एक तरफ तो कनाडा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई देता है, दूसरी तरफ वह भारत का पक्ष रोकने का ऐसा प्रयास करता देखा जा रहा है। अगर भारतीय विदेश मंत्री की किसी बात पर उसे एतराज था, वह उस पर प्रतिक्रिया देता। उसकी इस हरकत पर स्वाभाविक ही चौतरफा निंदा हो रही है। भारत से बेशक उसके तनावपूर्ण संबंध हों, पर आस्ट्रेलिया तो उसका बहुत करीबी है। आस्ट्रेलियाई चौनल के साथ उसका बर्ताव हैरान करने वाला है। भारत से कनाडा की तकरार इस बात को लेकर है कि उसके मुताबिक निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों का हाथ था। हालांकि यह बात वह अब तक साबित नहीं कर सका है। भारत बार-बार सबूत मांगता है कि कनाडा निज्जर हत्या मामले से संबंधित सबूत पेश करे, मगर वह कोई ठोस सबूत पेश करने के बजाय सार्वजनिक मंचों से एक के बाद एक आरोप लगाता रहा है। पहले उसने भारतीय खुफिया एजंसियों पर दोष मढ़ा, फिर भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों को शक के दायरे में डाल दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत ने अपने राजनयिकों को वहां से वापस बुला लिया और कनाडा के राजनयिकों को वापस भेज दिया। फिर उसने इस मामले का आरोप भारत के गृहमंत्री पर भी मढ़ दिया। यही नहीं, भारत को साइबर सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में डाल दिया। जबकि छिपी बात नहीं है कि कनाडा खुद भारत में अलगाववादी खालिस्तान समर्थकों को पनाह दिए हुए है। वे वहां भारत-विरोधी गतिविधियां चलाते हैं और भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा उन पर नकेल कसने की कोशिश नहीं करता। दिवाली के मौके पर ब्रैंपटन के एक मंदिर में जिस तरह खालिस्तान समर्थकों ने उपद्रव किया, उसमें वहां की पुलिस ने उपद्रवियों को संरक्षण दिया। इन हरकतों से जाहिर है कि कनाडा बेवजह भारत से रार मोल ले रहा है।

## मेयर के लिए कांग्रेस के 28 दावेदारों ने किया आवेदन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में कांग्रेस ने निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द चुनाव कराए जाने का बिगुल बजने के बाद कांग्रेस के खेमे में तैयारी जोरों से शुरू हो गई है। नैनीताल में निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस में हलचल इन दिनों देखने को मिल रही है। यहां मेयर के लिए 28 दावेदारों ने आवेदन किया है। नैनीताल जिले में निकाय चुनाव के लिए प्रभारी बनाए गए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने आज स्वराज आश्रम में हल्द्वानी नगर निगम से मेयर पद के लिए दावेदारों से आवेदन लिए। इस दौरान कांग्रेस के 28 नेताओं ने मेयर पद के लिए दावेदारी करते हुए खुद को योग्य बताया और अपने टिकट की पैरवी की। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जहां कई दावेदारों ने जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ का दावा करते हुए टिकट की पैरवी की। तो वहीं कई दावेदार अपनी समाज सेवा के बल पर टिकट मांगते नजर आए। वहीं चुनाव प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने बताया कि मेयर के लिए जिन 28 लोगों द्वारा मेयर के टिकट के आवेदन दिए गए हैं उन सभी आवेदनों को आलाकमान के पास भेजा जाएगा। वहीं से प्रत्याशी का नाम फाइनल किया जाएगा। चुनाव प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल का कहना है कि हाईकमान जिसका भी नाम फाइनल करेगा उसे सभी नेता एकजुटता से चुनाव लड़ाएंगे। इस बार निकाय चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत होगी। बता दें कि इसी साल निकाय चुनाव होने हैं। जिसके लिए 10 नवंबर को अधिसूचना जारी होनी है।

# उत्तराखण्ड में चल रहा विकास का महायज्ञ

### शुभकामना संदेश में पीएम मोदी ने प्रदेशवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों से नौ आग्रह भी किए



“प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज 9 नवंबर है, 9 का अंक शुभ माना जाता है, यह शक्ति का प्रतीक होता है। इसलिए आज वो उत्तराखण्ड के लोगों से 5 और यहां आने वाले पर्यटकों के सामने 4 यानि कुल 9 आग्रह करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के 9 आग्रहों में 1 ख्र बोली भाषा का संरक्षण,2 - एक पेड़ मां के नाम, 03 स्वच्छ जल, 04 गांव से जुड़ाव, 05 तिबारी वाले घरों को संवारें, 06 सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें, 07 वोकल फॉर लोकल, 08 यातायात के नियम अपनाएं, 09- तीर्थों की मर्यादा का पालन करें शामिल है।

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राज्य स्थापना दिवस पर उत्तराखण्डवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के युग में उत्तराखण्ड में विकास का महायज्ञ चल रहा है। उन्होंने प्रदेश की धामी सरकार की प्रशंसा करते हुए, राज्य के सर्वागीण विकास के लिए प्रदेशवासियों और यहां आने वाले पयर्टकों से नौ आग्रह भी किए हैं। पुलिस लाइन, देहरादून में आयोजित पुलिस रैतिक परेड को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज से उत्तराखण्ड का रजत जयंती वर्ष शुरु हो रहा है, अब हमें उत्तराखण्ड के उज्जवल भविष्य के लिए अगले 25 वर्ष की यात्रा शुरू करनी है। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि देश भी 25 वर्षों के लिए अमृत काल में है, विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखण्ड के संकल्प को इसी कालखंड में पूरा होते देखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी दो दिन पहले ही प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का भी सफल आयोजन हुआ है, उन्हें पूरा विश्वास है कि हमारे प्रवासी उत्तराखण्डवासी राज्य के विकास यात्रा में ऐसी ही बड़ी भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के लोगों को अपनी आशाओं, आकांक्षाओं के अनुरूप अलग राज्य प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक प्रयास करना पड़े, यह प्रयास तब पूरे हुए, जब केंद्र में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनी। बेहद खुशी की बात है कि अब हम सब उत्तराखण्ड को अपने सपनों को साकार करते हुए देख पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड ने खूब सारा प्यार और अपनत्व दिया है, हम भी इसी भावना के साथ देवभूमि की सेवा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले उन्होंने बाबा केदार के चरणों में बैठकर विश्वास व्यक्त किया था कि यह दशक उत्तराखंड का दशक साबित होने जा रहा है, और उत्तराखंड ने उनके विश्वास को सही साबित किया है। आज उत्तराखण्ड विकास के नए रिकॉर्ड बना रहा है, पिछले साल एसडीजी इंडेक्स में उत्तराखण्ड को पहला स्थान मिला है, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में अचीवर्स और स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर कैटेगरी हासिल हुई है। बीते डेढ़ दो वर्षों में उत्तराखंड की विकास दर में सवा गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है। इस साल जीएसटी कलेक्शन में 14 प्रतिशत की उछाल दर्ज हुई है। 2014 में राज्य की प्रतिवर्ष आय सवा लाख रुपए सालाना थी, जो आज बढ़कर 2 लाख 60 हजार हो चुकी है, 2014 में उत्तराखंड राज्य का सकल घरेलू उत्पादन यानि स्टेट जीडीपी एक लाख 50 हजार करोड़ के आस-पास थी। जो अब बढ़कर तीन लाख पचास हजार करोड़ हो गई है। यह आंकडे बता रहे हैं कि उत्तराखंड में कैसे युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं, कैसे औद्योगिक तरक्की हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखण्ड में 2014 से पहले पांच प्रतिशत से कम घरों में नल से जल आता था, आज यह बढ़कर करीब 96 प्रतिशत हो गया है। 2014 से पहले उत्तराखण्ड में सिर्फ छह हजार किमी की पीएमजीएसवाई सड़क बनी थी, आज इन सड़कों की लंबाई 20 हजार किमी से अधिक हो गई है। उत्तराखंड ने लाखों शौचालयों का निर्माण करने के साथ ही हर घर बिजली और उज्जवला गैस योजना के तहत लाखों गैस कनेक्शन देकर हर वर्ग का ध्यान रखा है। डबल इंजन सरकार का सही अर्थ उत्तराखंड में नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को केंद्र से मिलने वाला अनुदान अब दोगुना हो गया है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तराखंड को एम्स का सेटेलाइट सेंटर, देश के पहले ड्रोन एप्लीकेशन रिसर्च सेंटर की सौगात दी है, साथ ही यूएसनगर में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाने की भी योजना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखण्ड में केंद्र सरकार के दो लाख करोड के प्रोजेक्ट चल रहे हैं, कनेक्टिविटी योजनाओं को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को 2026 तक पूरा किए जाने की तैयारी है। राज्य के 11 स्टेशन को अमृत के रूप में विकसित किया जा रहा है। देहरादून - दिल्ली एक्सप्रेस वे बनने से देहरादून से दिल्ली का सफर ढाई घंटे में हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सीमांत के गांवों को पहला गांव मानते हुए, कार्य कर रही है, इसी क्रम में माणा गांव की यात्रा के दौरान उन्होंने वाइब्रेंट विलेज योजना की शुरुआत की। इसके तहत उत्तराखंड में करीब 50 गावों का विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले की रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तराखण्ड में इस साल छह करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु आए हैं, 2014 से पहले चारधाम यात्रियों की संख्या 24 लाख तक ही पहुंच पा रही थी, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 54 लाख को छू गया है। इससे होटल से लेकर होम स्टे वालों को, टैक्सी से टैक्सटाइल वालों को लाभ मिला है। बीते वर्षों में पांच हजार से अधिक होम स्टे का रजिस्ट्रेशन हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखण्ड ऐसे निर्णय ले रहा है, जो देश के लिए उदाहरण बन रहे हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड ने गहन अध्ययन के बाद यूनिफार्म सिविल कोर्ड लागू किया, जिसे वो सही मायने में सैकुलर सिविल कोड मानते हैं। आज पूरा देश यूसीसी पर चर्चा करते हुए, इसकी जरूरत महसूस कर रहा है। इसी तरह उत्तराखण्ड ने युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए नकल विरोधी कानून लागू करते हुए, माफिया पर सख्त कार्यवाई की है। उत्तराखंड के ऐसे कई कार्य दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण बन रहे हैं।



(देहरादून - दिल्ली एक्सप्रेस वे )

# राज्य स्थापना दिवस पर लगाये स्थानीय उत्पादों के स्टॉल

बागेश्वर(उद संवादाता)। बीते दिनों अल्मोड़ा बस हादसे में बड़ी मानवीय क्षति होने के कारण जनपद में 25वें राज्य स्थापना दिवस को सादगी के साथ मनाया गया। विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रात: शहर में प्रभात फेरी निकाली गई। जिला मुख्यालय, तहसील और ब्लाक स्तर पर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत बसंती देव,कपकोट विधायक सुरेश गड़िया विधायक पार्वती दास,भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण,ब्लॉक प्रमुख पुष्पा देवी,डीएम आशीष भटगांई,एसपी चंद्र शेखर घोडके,सीडीओ आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, एसडीएम मोनिका, वरिष्ठ नागरिक न्यास समिति अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल,इंद्र सिंह परिहार, एवं राज्य आंदोलनकारियों ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महात्मा गांधी जी की नव निर्मित मूर्ति का भी अनावरण किया गया। उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस के अवसर पर बागेश्वर में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश वर्चुवली लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। नुमाईश खेत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। दर्जा राज्य मंत्री ने अपने सम्बोधन में सर्व प्रथम शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति, नौजवान और बुजुर्गों ने मिलकर जो उत्तराखंड की कल्पना की थी उसी की बदौलत हम सभी आज 25वें राज्य स्थापना दिवस मना रहे है। अलग राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य आंदोलनकारियों, नौजवानों और मातृशक्ति ने उत्तराखंड की नींव रखी। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए जनपदवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी एवं उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डीएम ने जिले के सतत विकास के लिए संचालित सरकार की योजनाओं एवं गत एक वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि आंदोलन और कठिनाई के बाद प्रदेश मिला है। वीर शहीद जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उन्हें आज याद करने का दिन है। राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए उन्होंने सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। बागेश्वर विधायक पार्वती दास एवं ब्लाक प्रमुख कपकोट द्वारा शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए उनके द्वारा किए गए आंदोलन एवं संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान के बारे अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष जिला पंचायत बसन्ती देव ने अपने सम्बोधन में जनपदवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए यह दिन ऐतिहासिक दिन है। राज्य आंदोनकरियो ने अपना बलिदान देकर उत्तराखंड राज्य की नींव रखी। उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ विभाग, पुशपालन, कृषि, उद्यान,अग्रणी बैंक,समाज कल्याण,वन विभाग, उरेडा, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामोत्थान, मत्स्य,उद्योग,डेयरी, आपदा प्रबंधन सहित नगर पालिका,शिक्षा व निर्वाचन विभाग द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टॉल लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया गया। नुमाईश खेत में आयोजित बॉलीबाल प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्य आन्दोलनकारी गोविंद सिंह भंडारी,रमेश चंद्र पांडे, लीलाधर पांडे,खिलानंद जोशी,भुवन चंद्र कांडपाल,मोहन सिंह,खेम सिंह हेमचंद पन्त,पूरन सिंह रावत,दान सिंह,मंगल सिंह, धर्म सिंह, राजेंद्र सिंह,गोविंद सिंह,धर्मानंद जोशी, दिनेश सिंह बिष्ट,उमा बिष्ट, गंगा सिंह पांगती, त्रिलोक सिंह,बाला दत्त जोशी,भगवान सिंह टंगड़िया, मनजीत सिंह,भोपाल सिंह धपोला, राजेश कुमार आदि को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों के सरकार की स्वरोजगार परक योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को भी पुरुस्कृत किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा इंद्र सिंह फर्स्वाण, ब्लॉक प्रमुख बागेश्वर पुष्पा देवी,महामंत्री भाजपा संजय परिहार,दलीप सिंह खेतवाल, नरेंद्र खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार,जयंत सिंह भाकुनी,हरीश सोनी,गोपाल राम,चेयरमैन रेडक्रॉस संजय शाह जगाती,वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि,जनता एवं अधिकारीगण मौजूद थे।







# उत्तराखण्ड की आकांक्षाओं को पूरा कर रही सरकार: रेखा आर्या

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्य की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने सबसे पहले जू रोड स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन, पृथक राज्य के लिए किए गए संघर्ष को नमन करने का दिन है। यह दिन हमें स्मरण करवाता है कि अपने उत्तराखंड को प्राप्त करने के लिए हमारे राज्य आंदोलनकारियों ने कितना कुछ समर्पित किया और अपने प्राणों तक का बलिदान दिया। हम पूर्ण रूप से राज्य आंदोलनकारियों की आशानुरूप उत्तराखंड बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।इसके पश्चात मंत्री रेखा आर्या ने राज्य आंदोलनकारियों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ऑनलाइन उद्बोधन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर वर्चुअली दिया गए बधाई संदेश का भी श्रवण किया। संबोधन में मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के बिना इस देवभूमि का कोई अस्तित्व नहीं है। पृथक राज्य की मांग के दौरान मुजफ्फरनगर, खटीमा, मसूरी गोली कांड जैसे तमाम ऐसी घटनाएं हैं जिनको सुन कर आज भी मन सिहर उठता है। उत्तराखंड राज्य अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। यह वर्ष उत्तराखंड के समग्र विकास को एक नए आयाम पर ले जाने का वर्ष है। ये वर्ष उत्तराखंड की आशाओं-आकांक्षाओं को पूर्ण करने का वर्ष है। ये वर्ष नव संकल्प लेने और उनकी सिद्धि को सुनिश्चित करने का वर्ष है। ये वर्ष प्रगति की नई परिभाषा लिखने का वर्ष है। यह वर्ष उत्कृष्ट उत्तराखंड के निर्माण का वर्ष है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता और नकल विरोधी कघनून जैसे कई ऐसे निर्णायक फैसले लिए हैं जिनसे प्रदेश के युवा और महिलाएं सुरक्षित व सशक्त हो रहे हैं। मंत्री रेखा आर्या ने राज्य आंदोलन कारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया। जिसमें शांति मेहरा, रमेश पाण्डेय, नरेंद्र मोहन, तारा सिंह बिष्ट, के एल आर्या आदि आंदोलन कारियों को शाल देकर सम्मानित किया।साथ ही पर्यावरण मित्रों, स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग, उद्यान विभाग और लखपति दीदीयों को सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी वंदना सिंह के प्रयासों से विगत वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में 10 मृतक आश्रितों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। उनकी आजीविका सुदृढ करने हेतु मनरेगा योजना से लाभान्वित किया गया। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो और स्व रोजगार से जुड़ कर अपने परिवार का बेहतर जीवन यापन कर सके। जिसमें जीवंती देवी, चंपा देवी, सचिन आर्या, मोहन राम, अनिल कुमार, रवि जोशी, पंकज आदि गौशाला और मुर्गी पालन आदि के मनरेगा से स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री राज्य मिशन योजना के तहत एक लाभार्थी को गाय पालन हेतु 1.60 लाख, खच्चर पालन के लिए 1.80 लाख और मुर्गी पालन के लिए 60 हजार रुपये के चेक वितरित किए। इसके बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह और विधायक सरिता आर्या ने फूड फेस्टिवल में लगे विभिन्न प्रकार के स्टाल निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। सवेरे आयोजित मैराथन में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक सरिता आर्या, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय,एडीएम शिव चरण द्विवेदी, एसडीएम प्रमोद कुमार, पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, तहसीलदार मनीषा मकराना समेत सभी विभाग के अधिकारी, स्कूली बच्चे और आम जनमानस मौजूद रहा।








## भेदभाव मानवीय समस्याओं की जड़: नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्रीकण्ठ महादेव फाउंडेशन धमार्थ न्यास के तत्वाधान में धर्म मार्तण्ड नमन कृष्ण महाराज जी ने श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते हुए कहा कि उच्चतर मानवीय गुणों को प्रकट करने के लिए हमें भेद बुद्धि से परे होकर व्यवहार करना पड़ेगा। जाति का भेद, कुल का भेद, धन का भेद, पद का भेद ही समस्त मानवीय समस्याओं की जड़ है। ये भेद भाव की प्रवृति ही है जो हमारे भीतर प्रेम को प्रकट नहीं होने देती। इस को प्रेम,करुणा, मैत्री की ही आवश्यकता है जो जगत का कल्याण कर सकती है। कथा में यजमान विपिन भट्ट, विमला भट्ट, आरके शर्मा, भुवन जोशी, विनीता जोशी, मधुकर श्रोत्रिय, ज्योति, उमेश उप्रेती, प्रदीप बिष्ट, हिमांशु मिश्रा, हरीश मेहता संतोष ढेला, आदि उपस्थित थे।



## कम पैसों में दवा लेकर खुशी में वापस गए मरीज

### सरकारी डॉक्टर लिख रहे जन औषधि केंद्र की जेनरिक दवा

सितारगंज (उद संवाददाता)। आमजन को सस्ती और गुणवत्ता युक्त औषधि मिले इसके तहत सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने मंशा कायम कर रखी हैं। सरकारी अस्पताल के सामने बाहर के मेडिकल स्टोर पर जहां सन्नाटा बना हुआ हैं। वहीं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है आम दिनों में जेब खाली कर घर जाने वाले मरीज जन औषधि केंद्र पर कम पैसे में दवा मिलने पर खुशी में घर वापस जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सीएचसी को उप जिला चिकित्सालय में अपग्रेड कराकर क्षेत्र वासियों को सस्ता और गुणवत्ता युक्त उपचार देने के लिए स्वास्थ्य महक में के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। शनिवार को उप जिला चिकित्सालय में डॉक्टर रविंद्र सिंह, डॉक्टर अतुल कुमार यादव, डॉक्टर लक्ष्मण सिंह बृजवाल समेत कई डॉक्टर मरीजों अस्पताल की पर्ची पर जेनेरिक दवाएं लिखते नजर आए। जिस वजह से जन औषधि केंद्र पर मरीजों की संख्या काफी रही। इस कारण सरकारी अस्पताल के सामने के मेडिकल स्टोर पर सन्नाटा रहा। कम पैसे में दवा मिलने पर मरीज खुशी से घर वापस लौट गए। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक ने बताया कि पहले से जेनेरिक दावों की बिक्री बढ़ गई है। जन औषधि केंद्र की दवाएं एम्स के डॉक्टर भी लिखते हैं। सरकारी अस्पताल के फार्मासिस्ट केएन गोस्वामी ने बताया कि अस्पताल में भी मरीज को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## 11 और 13 नवंबर को होंगी खेल प्रतियोगिताएं

गदरपुर। न्याय पंचायत स्तर की खेल प्रतियोगिताएं 11 और 13 नवंबर को होगी बीईओ सावेद आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि गदरपुर के न्याय पंचायत बड़ा खेड़ा, आनंद खेड़ा और गोविंदपुर की बालिका वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं 11 नवंबर एवं बालक वर्ग की 13 नवंबर को आयोजित होंगी। न्याय पंचायत बड़ा खेड़ा की प्रतियोगिता मौर्य अकैडमी अमरपुरी में न्याय पंचायत आनंद खेड़ा की लिटिल चौंपियन स्कूल मदनापुर ,गोविंदपुर न्याय पंचायत की गुरुकुल एकेडमी गूलरभोज में आयोजित होंगी सुबह 9:00 बजे से प्रतियोगिताओं का शुभारंभ होगा।

## बेहड़ ने पूर्वांचल समाज का किया अपमान: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जारी बयान में कहा कि विधायक तिलक राज बेहड़ ने छठ पूजा के पुण्य अवसर पर मुझे बधाई देने की बजाय आरोप प्रत्यारोप लगाकर छठ पर्व पर पूर्वांचलवासियों का अपमान किया और प्रदेश में सरकार द्वारा छठ पूजा पर किए गए निर्बंधित अवकाश के बावजूद प्रेस को एक झूठा बयान दिया कि प्रदेश सरकार ने छठ पर अवकाश घोषित ही नहीं किया। शुक्ला ने कहा कि छठ महापर्व पर मेरे अनुरोध पत्र पर तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने निर्बंधित अवकाश घोषित किया था वह भी मात्र उधमसिंहनगर व हरिद्वार जनपद में, जबकि उसे समय में विपक्ष का विधायक था मैंने कोई श्रेय नहीं लिया था, मेरे ही पैड पर आदेश लिखा गया था। बाद में भाजपा की सरकार आने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने निर्बंधित अवकाश को मेरे ही अनुरोध पर सार्वजनिक अवकाश में बदल दिया था, परंतु 4 वर्ष पूर्व जब तीरथ सिंह रावत मुख्यमंत्री बने तो केंद्र सरकार के निर्देश पर वर्ष भर में कई सार्वजनिक अवकाश समाप्त किए गए जिसमें रक्षाबंधन एवं छठ पूजा के सार्वजनिक अवकाश भी थे। शुक्ला ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी जी के मुख्यमंत्री बनने पर 2021 में छठ पूजा का निर्बंधित अवकाश शुरू हुआ जो अभी तक जारी है। इस वर्ष भी निर्बंधित अवकाश में स्कूल कॉलेज बंद रहे तथा कर्मचारियों को भी छुट्टी लेने की सुविधा थी। विधायक जैसे जिम्मेदार पद पर निर्वाचित होने के बाद भी सरासर सफेद झूठ बोलना कि प्रदेश में छठ पर अवकाश नहीं है ये तिलक राज बेहड़ को शोभा नहीं देता। हां यदि वे वास्तव में चाहते थे कि छठ पर निर्बंधित अवकाश की जगह सार्वजनिक अवकाश हो तो क्या उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री या सरकार से समय रहते कोई मांग की? क्या कोई पत्र सौंपा? यदि मैं विपक्ष का विधायक होते हुए तत्कालीन कांग्रेस के मुख्यमंत्री हरीश रावत से छठ की निर्बंधित अवकाश का आदेश जारी करा सकता था तो यदि तिलक राज बेहड़ सार्वजनिक अवकाश चाहते थे तो वे भाजपा के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से क्यों नहीं करवा सकते थे? बेहड़ जिस विधानसभा का प्रतिनिधित्व मौजूदा समय में आज छठ महापर्व पर चिंता करने वाले तिलक राज बेहड़ ने पूर्व में मंत्री व विधायक रहते अपनी सरकार में छठ की याद नहीं आई? शुक्ला ने कहा गलत बयान बाजी से उन्हें नुकसान होगा तथा निर्बंधित अवकाश इस छठ पर था कि नहीं इस पर वह उनसे खुली बहस करने को तैयार हैं अन्यथा बेहड़ सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।



## पिथौरागढ़ में मस्जिद को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। उत्तरकाशी के बाद पिथौरागढ़ में भी मस्जिद को लेकर बवाल हुआ है। पिथौरागढ़ के बेरीनाग में कथित मस्जिद को लेकर राष्ट्रीय सेवा संघ के बैनतरले लोगों ने सड़कों पर उतरकर रैली निकाली। इस रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली के दौरान पुलिस ने एहतियातन समुदाय विशेष की दुकानें बंद करा दी। जानकारी के अनुसार शनिवार को पिथौरागढ़ के बेरीनाग में लोग सड़कों पर उतर आए। लोग यहां बनी एक मस्जिद को हटाने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि अगस्त के महीने में सोशल मीडिया पर इस कथित मस्जिद को लेकर एक वीडियो डाला गया। इसके बाद समुदाय विशेष के चार लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। अक्टूबर में राष्ट्रीय सेवा संघ के नेतृत्व में तहसील कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया गया और 15 दिनों के अंदर इस मस्जिद को हटाने को कहा गया। ऐसा ना करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। 15 दिनों में कथित मस्जिद ना हटने पर 9 नवंबर को शहीद चौक पर धरना-प्रदर्शन करने की बात कही गई थी और इसकी अनुमति भी मांगी गई थी। मस्जिद को इन 15 दिनों में नहीं हटाया गया जिसके चलते कल बेरीनाग में विशाल रैली निकाली गई। आपको बता दें कि इस मस्जिद को हटाने की लागतार मांग की जा रही है। राष्ट्रीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु जोशी का कहना है कि इस मस्जिद को हटाने के लिए काफी समय से मांग की जा रही है। इसके लिए पूर्व में कई आंदोलन भी किए जा चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कार्रवाई ना होने के कारण उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उनका कहना है कि जब तक मस्जिद को हटाया नहीं जाता तब तक वो आंदोलन जारी रखेंगे।



## पेज एक का शेष...

**प्रचार के लिए मुंबई ..**की सरकारें वहां पर विकास ठप है। जहां कांग्रेस की सरकारें वहां पर केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी लागू नहीं होने दिया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि कांग्रेस और महाअगाड़ी मिलकर देश में बहुत बड़ा षडयंत्र रच रहे हैं, देश को तोड़ने का काम कर रहे है। इनसे सावधान रहने की जरूरत है। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह गुसाई, राजेन्द्र शर्मा, यशेदा, दीप कोश्यारी, गोपाल नयाल, प्रतिमा, रमेश शर्मा, कीर्ति नेगी, प्रताप सिंह आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**हाथियों का आतंक...**के जंगल को चला गया। जिन ग्रामीणों का अत्यधिक नुकसान हुआ है उनमें गोपाल दत्त भट्ट, शेखर भट्ट, शुभम वर्मा, कपिल पंडित, राजेंद्र पांडे सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण शामिल है

**सड़क किनारे अधेड़...**हुई। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मृतक के परिजनों को घटना से अवगत कराया। बताया जाता है कि मृतक सुभान अली पिछले कुछ दिनों से गल्ला मंडी के आस पास टहलता दिखाई देता था।

**नशे के इंजेक्शनों के ...**नहीं है। उसने जो सम्पत्ति इकट्ठा की है वह सब नशे के कारोबार करने के बाद ही इकट्ठा की है। इसके अलावा आरोपी पूर्व ने कई बार जेल जा चुका है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस दौरान गिरफ्तारी टीम में एसएसआई मनोज सिंह नयाल, एसआई जोगा सिंह, एसआई नीरज चौहान, तालिब हुसैन, विजेन्द्र सिंह, संजय सिंह शामिल रहे।

**ट्रेन में महिला...**है कि इसी बीच बैग उतारने के बहाने अज्ञात लोगों ने उसके बैग में रखे लाखों रुपए कीमत के सोने के जेवरात और हजारों की नगदी चुरा ली। काठगोदाम जीआरपी चौकी प्रभारी नरेश कोहली ने बताया कि मामले के रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है

**दबंगों ने टैंट...**एवज में जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने 8 नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## ससुराल पहुँचे दामाद की बाइक चोरी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बरेली जिले मे रहने वाले युवक की बाइक ससुराल के आंगन से अज्ञात चोर ले उड़ा।गांव के कैमरो की फुटेज की जांच की जा रही है। युवक ने पुलिस को तहरीर सौप,कार्यवाही की मांग की। तहरीर में थान सिंह यादव पुत्र भीकम सिंह, निवासी ग्राम परतासपुर, थाना बीथरी, जिला बरेली ने बताया कि शुक्रवार को अपने ससुराल दीपक यादव पुत्र स्व० राजेन्द्र यादव निवासी तिलियापुर वालो के घर छट पूजा पर आया था। उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या -यू.पी. 25 सी सी 2775 को ससुराल के घर के आंगन में लॉक लगाकर खड़ी किया था मध्य रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाईक चारी कर ली गयी।

## बॉबी पंवार को पुलिस ने जारी किया नोटिस

देहरादून। सचिव के साथ मारपीट मामले में बॉबी पंवार के खिलाफ नोटिस जारी हुआ है। बॉबी पंवार को बयान दर्ज कराने के लिए कल तक का समय दिया गया है।बॉबी पंवार के खिलाफ वरिष्ठ आईएएस आर मीनाक्षी सुंदरम के साथ सचिवालय में मारपीट मामले में पूछताछ के लिए नोटिस जारी हुआ है। पुलिस ने बॉबी पंवार को बयान दर्ज करवाने के लिए नौ नवंबर यानी कल तक का समय दिया है। नोटिस में लिखा गया है कि अगर वो कल तक अपना बयान दर्ज नहीं करवाते हैं तो ये मान लिया जाएगा कि वो अपना पक्ष नहीं रखना चाहते हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महिलाओं ने 'प्रसाद' बेचकर कमाये एक करोड़

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से रूद्रप्रयाग में महिला समूहों के व्यवसाय को हर वर्ष मिल रही नई ऊंचाइयां

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। इस वर्ष श्री केदारनाथ धाम यात्रा में 16 लाख 53 हजार से ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे। जिसका सीधा प्रभाव मातृशक्ति की आय एवं आर्थिकी पर भी देखने को मिला। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते महिला समूहों के व्यवसाय को हर वर्ष नई ऊंचाइयां मिल रही हैं। श्री केदारनाथ यात्रा से जुडे़ विभिन्न महिला समूहों ने गत वर्ष जहां करीब 70 लाख का कारोबार किया था, वह इस वर्ष बढ़कर करीब 01 करोड़ पहुंच गया है। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर (आरबीआई), ग्रामीण उद्यम त्वरण परियोजना (आरईएपी) सहित अन्य विभागों के माध्यम से जनपद में मातृशक्ति की आजीविका सुधारने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मातृशक्ति के महिला समूह गठित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रप्रयाग डॉ. जीएस खाती ने बताया कि तीर्थ यात्रियों के लिए मुख्य तौर पर श्री केदारनाथ धाम हेतु महाप्रसाद, धाम का सोवेनियर, धूप, चूरमा, बेलपत्री, शहद, जूट एवं रेशम के बैग और चारधाम के तोरण बनाकर महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा सरस रेस्तरां एवं आउटलेट, हिलांस कैफे एवं बेकरी संचालन के माध्यम से भी मातृशक्ति को आजीविका से जोड़ा गया है।जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग श्री सौरभ गहरवार के प्रयासों से पहली बार यात्रा मार्ग पर दुग्ध विकास विभाग के माध्यम से आंचल डेयरी के सात आउटलेट एवं पार्किंग भी खोले गए थे। जो महिला समूहों एवं स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का एक बेहतर विकल्प बनकर तैयार हुए हैं।श्री केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग के विभिन्न हेलीपैड एवं मंदिर परिसर में तीर्थ यात्रियों को महिलाओं द्वारा तैयार चौलाई के लड्डू, हर्बल धूप, चूरमा, बेलपत्री, शहद, जूट एवं रेशम के बैग आदि पहुंचाए जाते हैं। इसके अलावा गंगा जल के लिए पात्र एवं मंदिर की भस्म भी प्रसाद पैकेज का हिस्सा हैं। जनपद रुद्रप्रयाग के काश्तकारों से 110 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से करीब 100 कुंतल चौलाई की खरीद की गई। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिला है। उखीमठ ब्लॉक के त्यूड़ी स्थित आस्था स्वयं सहायता समूह से जुड़ी करीब 40 महिलाओं द्वारा 05 लाख रुपए का प्रसाद यात्रा मार्ग पर बेचा गया।इस वर्ष गंगा दुग्ध उत्पादन संघ द्वारा करीब 100 कुंतल चौलाई के लड्डू एवं चूरमा तैयार कर केदारनाथ में बेचा गया। पिछले छह महीने में उन्होंने 60 से ज्यादा महिलाओं को रोजगार दिया। जिनमें 30 महिलाएं एनआरएलएम के तहत गठित समूहों के माध्यम से उनसे नियमित तौर पर जुड़ी हैं। पूरी यात्रा के दौरान उन्होंने करीब 25 लाख के लड्डू एवं चूरमा बेचा। समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रतिदिन 300 रुपए मेहनताना देने के साथ ही समय-समय पर प्रशिक्षण भी देते हैं।इस वर्ष पहली बार डेयरी विभाग श्री केदारनाथ धाम यात्रा में अपना प्रत्यक्ष योगदान दे सका। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर डेयरी विभाग के माध्यम से आंचल के सात आउटलेट खुलवाए। सभी आउटलेट स्थानीय लोगों एवं महिला समूहों को संचालन के लिए दिए गए। सात आउटलेट पर विभिन्न समूह एवं लोगों ने करीब 20 लाख का व्यापार किया है। रीप के जिला प्रोजेक्ट मैनेजर श्री ब्रह्मानंद भट्ट ने बताया कि यात्रा मार्ग पर अगस्त्यमुनि में संचालित सरस रेस्तरां ने इस यात्रा अवधि में 07 लाख से अधिक का व्यापार किया है। जबकि सरस विपणन केंद्र ने करीब 03 लाख का व्यापार किया। हिलांस कैफे ने करीब 06 लाख, जबकि नवकिरण बेकरी ने 04 लाख का व्यापार किया। ईष्ट घण्डियाल उत्पादक समूह, बड़ेथ द्वारा केदारनाथ सोविनियर का निर्माण एवं व्यवसाय कर करीब 7 लाख का व्यापार किया गया।


रूद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से मातृशक्ति को स्वरोजगार से जोड़ा



# नानकमत्ता मेले में उमड़ रहा श्रद्धालुओं और खरीददारों का सैलाब

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में बंदी छोड़ दिवस एवं दीपावली पर्व पर आयोजित मेला में दसवें दिन भी स्थानीय श्रद्धालु व खरीददारों के आने से व्यापारी काफी खुश हैं। गुरूद्वारा साहिब के दर्शन करने के पश्चात लोग मेंले में जमकर खरीददारी कर रहें है। गौरतलब है कि गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब 31 अक्टूबर को शुरू बंदी छोड़ दिवस व दीपावली पर्व पर आयोजित मुख्य मेला तो वैसे संपन्न हो गया है, लेकिन गुरूद्वारा साहिब में श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं का आना अभी निरतंर जारी है। रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु बड़ी तादात में गुरूद्वारा साहिब पहुंचकर गुरू घर में मत्था टेक अपने परिवार की खुशियों की कामना कर रहें है। पीपल साहिब के दर्शन कर अपने धन्य मानकर गुरू का प्रसाद ग्रहण कर रहें है। जिसके बाद श्रद्धालु मेंले में जाकर खरीदारी कर रहें है। मेले में अंतिम दोर में खरीददारों की अधिक डिमांड कंबल, रजाई, कढ़ाई को लेकर ज्यादा है, स्थानीय मेंला लगने से दुकानदार भी काफी खुश है, मेले में जनजाति समाज के लोग अपने परिवार के साथ तीन दिन लगातार आते है , तो खटीमा , सितारगंज व आसपास के अलावा नेपाल से भी मेंला देखने का काफी तादात में पहुंच रहें है। मेंले में झूला सर्कस, मौत का कुंआ देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मेले में आकर्षण का केन्द्र भी झूला व सर्कस ज्यादा है। मेला अभी 4 दिन और चलने के आसार है।



## रणजीत ने मुख्य मेले को व्यवस्थिति रूप से संम्पन कराने में अहम भूमिका निभाई

नानकमत्ता। गुरूद्वारा साहिब में जहां बंदी छोड़ दिवस एवं दीपावली पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, वही मेंले को व्यवस्थित रूप से चलाने में गुरूद्वारा कमेटी प्रबंधन की भूमिका भी अहम होती है। गुरूद्वारा कमेटी के प्रबंधक रणजीत सिंह जो कि पिछले कई वर्षो से मेला का प्रबंध न देख रहें है, उन्ही के प्रबंधन एवं कमेंटी के पदाधिकारियों संचालन में मेंलें में इतनी बड़ी जिम्मेंदारियों का बखूबी निभाना एक बड़ी चुनौती है। जिसका निर्वहन प्रबंधक रणजीत सिंह ने अपनी पूर्ण जिम्मेंदारी के साथ अपने कर्मचारियों के सहयोग से निभाया है। मेले की तैयारियां एक माह पूर्व शुरू होती है, जिसकों लेकर तमाम कमेटी बनाई जाती है, जिसमें लंगर व्यवस्था, जोड़ा घर, गठरी घर, रागी जत्थों की जिम्मेंदारी के साथ ही बिजली, पानी, सेवादारों की व्यवस्था की देखरेख की जिम्मेंदारी समिति संभालती है।



## एकाउटेंट राणा ने भी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया

नानकमत्ता। गुरूद्वारा मेंले में प्रबंध के साथ ही एकाउटेंट रणजीत सिंह राणा की भी खास भूमिका रहती है, मेंले को चलाने के लिए दुकानों से लेकर लाईट, गुरूद्वारा सजावट, झूला ठेका लेने वाले ठेकेदारों से सामजस्य बनाकर गुरूद्वारा कमेटी के ठेके का समय से पैसा जमा करवाना, सेवादारों व कर्मचारियों के हिसाब किताब से लेकर उनकी ड्यूटी आदि लगाने व कर्मचारियों की समस्याओं को कमेटी प्रबंधक रणजीत सिंह व गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान व अन्य जिम्मेंदार पदाधिकारी तक पहुंचाने का कार्य भी एकाउटेंट के साथ देखना पड़ता है। जिसमें रणजीत सिंह राणा की भूमिका भी अहम रहती है।




